भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1636

दिनांक 16.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट जारी करना और पुनः जारी करना

1636. श्री मोहनभाई कुंडारिया:

क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गुजरात राज्य में पासपोर्ट जारी करने और पुनः जारी करने के लिए आज की तिथि तक प्राप्त आवेदनों का जिला–वार ब्यौरा क्या है;

(ख) गुजरात में आज तक प्राप्त लंबित पासपोर्ट आवेदनों की संख्या का जिला–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) राजकोट और मोरबी जिलों में इससे संबंधित लंबित मामलों को चरणबद्ध तरीके से त्वरित निपटान हेतु कार्य योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी) प्रणाली से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गुजरात राज्य में अब तक पासपोर्ट जारी करने और पुनः जारी करने के लिए जिलेवार प्राप्त आवेदनों का विवरणअनुबंध– । में है।

(ख) गुजरात में दो क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (अहमदाबाद और सूरत) में अब तक लंबित पासपोर्ट आवेदनों का विवरण अनुबंध– ॥ में दिया गया है।

(ग) राजकोट और मोरबी जिलों सहित गुजरात में लंबित मामलों का चरणबद्ध तरीके से निपटाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :

- पुलिस सत्यापन के लिए लंबित मामलों के लिए संबंधित पासपोर्ट कार्यालय पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करते हैं और उनके साथ अनुवर्ती कार्रवाई करते हैं।

- दस्तावेजों से संबंधित अपेक्षाओं के कारण लंबित आवेदनों के आवेदकों का संबंधित पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा पत्रों के माध्यम से अनुस्मारक दिए जाते हैं।

- पासपोर्ट कार्यालयों में लम्बित मामलों की मुख्यालय द्वारा कड़ी निगरानी की जाती है

- पासपोर्ट मेलों का आयोजन

*****

गुजरात राज्य से जिलेवार प्राप्त आवेदन		
ज़िला	दिनांक **(8.12.2022)** को प्राप्त आवेदन	
	जारी किए गए	पुन**:** जारी किए गए
अहमदाबाद	822031	720050
अहमदाबाद ग्रामीण	77292	45864
अमरेली	48040	10801
आनंद	170796	132181
अरावली	16636	5453
बनासकांठा	85394	23381
भरूच	146714	102588
भावनगर	98442	39168
बोटाड	9663	2170
छोटाउदेपुर	7238	2846
दाहोद	30171	17950
डैंग	1259	239
देवभूमि द्वारिका	21326	8481
पूर्वी-कच्छ गांधीधाम	47879	22678
गांधीनगर	161060	106783
गिर सोमनाथ	32767	9187
जामनगर	103609	45737
जूनागढ़	87895	24526
खेड़ा	104770	68360
महीसागर	13882	7119
मेहसाणा	192591	88099
मोरबी	49597	13100
नर्मदा	7896	2597
नवसारी	103689	82905
पंचमहल	58122	30779
पाटन	58194	21919
पोरबंदर	40445	21563
राजकोट	205850	107197
राजकोट ग्रामीण	67387	17808
साबरकांठा	69143	24891
सूरत शहर	618976	350860
सूरत ग्रामीण	103845	59532
सुरेंद्रनगर	43533	11177
तापी (व्यारा)	17406	7065

वडोदरा	317875	298452
वडोदरा ग्रामीण	63867	34998
वलसाड	110006	69679
पश्चिम-कच्छ भुज	101481	53296
कुल योग	**4316767**	**2691479**

गुजरात राज्य में लंबित आवेदनों की संख्या **(08.12.2022** तक**)**		
आरपीओ	पासपोर्ट कार्यालय में कुल लंबित आवेदन	पुलिस के पास लंबित आवेदन
आरपीओ अहमदाबाद	2,281	14,333
आरपीओ सूरत	605	4,188
कुल	**2,886**	**18,521**

*****